राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 282 / 2024 दिनांकः—07 फरवरी, 2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः—अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का डाटा अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक डा0 संजय कुमार दिवाकर, राज्य नोडल अधिकारी, अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ, द्वारा निर्गत पत्र संख्या 68 / SNO-UP / AISHE / 8 / 19 दिनांक 06.02.2024 (प्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसमें सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि सत्र 2022—23 हेतु महाविद्यालय का डाटा अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण, भारत सरकार की बेवसाइट aishe.gov.in पर दिनांक 15.02.2024 तक अपलोड कने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्न पत्र में यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा महाविद्यालय का डाटा समय से अपलोड नहीं किया जायेगा, उन महाविद्यालयों की सम्बद्धता समाप्त करने की कार्यवाही शासन स्तर से की जायेगी।

उपर्युक्त के अनुपालन में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय का डाटा AISHE की बेवसाइट पर दिनांक 15.02.2024 तक प्रत्येक दशा में अपलोड करना सुनिश्चित करें। जिन महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित तिथि तक वांछित कार्यवाही नहीं की जायेगी, उन महाविद्यालयों का कोई भी कार्य विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न नहीं किया जायेगा। डाटा अपलोड करने में किसी भी तरह की कठिनाई उत्पन्न होने पर AISHE के नोडल अधिकारी प्रो0 एस0के0 रावत, Email: skr.rmpssuaishe@gmail.com मोबाइल नं0—9411753195 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

संलग्नः—यथोपरि।

भवदीय,

डा0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. राज्य नोडल अधिकारी, अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण, लखनऊ
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ / आगरा।
4. प्रो0 एस0के0 रावत, नोडल अधिकारी, अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
5. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिंन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड करें।
6. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित, कि इसे छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
7. गार्ड फाईल।

उप कुलसचिव